18.32 hrs.

## *GENERAL ELECTIONS IN KASHMIR

SHRI S. KUNDU (Balasore) : It is due to our omissions and commissions of the Kashmir problem that the prestige of India and the image of India have been blurred in the international arena. Besides this political aspect, another black spot in our dealings with Kashmir was affixed when in a perfunctory way the last general elections were held in Kashmir. It has been alleged that the last general elections in Kashmir were not fair and free and were not free from the undue influence of the Congress Government in power there. When we compare elections held in other States with the elections in Kashmir we know that elections in Kashmir were not fair and free. We are drawn towards another aspect of the question namely that when we tinker with Kashmir we ought to know that an international question is involved in it.

It has been alleged by our enemy countries that the Government of India are trying to subjugate and suppress the free expression of opinion of the people of Kashmir. In the face of such criticism, naturally, we should have been very much vigilant and alert and we should have seen to it that free and fair elections took place in Kashmir with a completely independent machinery. As you will easily see from the facts that I shall place before you, the elections in Kashmir were completely rigged.

From the very beginning before the filing of the nomination papers the Kashmir Government thought that they were going to lose the elections. At first they declared 21st March to be the date of election. The Election Commission in its report said that March would be a very cold month, and election could not take place, that April would be a suitable month, but the Government persisted and they prevailed on the Election Commission. The election was held not even in March, but on 21st February when about two-thirds of the State is covered completely by snow. This is one of the most shocking aspect of the riggid elections there. This is an indication how the Congress Government wanted to behave in a malafide manner, to use the influence of the ruling party of the Sadiq Government which is working as the agent of the Congress Party here for suppressing the opinion of the people. They somehow want to see that Kashmir is tied to the apron strings of the Government of India, not that the people of Kashmir actually enjoy association and participation of the Government of India, like other States.

This sort of wrong handling by the Government of India has created more complications. It is said the Government of India is responsbile for keeping the people of Kashmir away from the people of India. They ask: why does democracy get halted at Pathankot, why does it not function beyond Pathankot ?

It will be revealed from the facts that as many as 141 nomination papers were rejected of the opposition members only—mostly on flimsy grounds. One of the grounds was that the members did not take the oath, that some of them were government servants. A member of the National Sports Club is declared as a government servant. One takes oath and signs in the presence of the Deputy Commissioner and sees to it that the oath paper is also tagged on the file, but on the date of scrutiny from the particular file one finds that the oath form is torn off, and therefore the nomination paper is rejected. How can democracy function in such circumstances ?

18.36 hrs.

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair*]

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : Have they filed election petitions ?

*Haf-an-hour Discussion.

[Shri Randhir Singh]

It is a matter which pertains to the election tribunal.

SHRI S. KUNDU : These people who behave like small Hitlers in the Congress Party bring disrepute to democracy, they hardly nourish it. We want to sustain democracy and point out the mistakes that these Congress people have committed.

Twentyone people of the ruling party were declared elected unopposed in Kashmir. Today the PTI news says that they could not get a two-third majority required in spite of all their manouvering for an amendment asking for more money to be spent for the Governor. It was thrown out, and they ought to resign on this issue. This has proved that it is some sort of conglomeration of disenchanted forces in the Kashmir Assembly that keeps it in power. 21 members were declared unopposed to help to form the Sadiq Government. That happened after some people were declared unopposed? There were deliberate attempts to see that meetings of members belonging to the opposition parties were disturbed and that their jeeps and other vehciles were damaged and burnt. Section 144 was promulgated right from 1964. The processions and the use of microphones were banned and if any opposition Member wanted the permission, he did not get permission and he was asked to come the day after or the next morning again and again. Permission was in general refused to the opposition members to hold election meetings. Elections took place under the cover of the clique of Sadiq in Kashmir.

There was a letter which appeared in the *Hidustann Times* and it was written by J. J. Singh, a name which everybody knows in India. His friend Mr. R. N. Vaishnavi who is an advocate in Kashmir had written him a letter. He is an honest, educated man and Mr. J. J. Singh writes in his letter to the Editor of *Hindustan Times* which was published on 9th February 1967. This is what he has written :

"I have received a four-page letter from Mr. R. N. Vaishnavi, a well known and respected advocate of Srinagar. I have not come across anyone in Kashmir who has questioned the honesty and integrity of Mr. Vaishnavi. He certainly would not lie. Mr. Vaishnavi had filed his papers as an independent. His nomination papers were rejected on the assertion that he did not take the necessary oath. What actually happened ? According to Mr. Vaishnavi, he filled in his other form on the table of the Returning Officer and subscribed his signature to it "in his presence and within his sight." Mr. Vaishnavi went further. He asked the Returning Officer to hear him read out the oath. Mr. Vaishnavi writes, "and I stood up." I held the oath form in my hands and in a becoming tone, solemonly and with respect, I read out the contents of the oath form and tock the oath as prescribed by law and then I sat down." This was on January 19, 1967. (There were some other people also present in the room.) But when Mr. Vaishnavi went before the same Returning Officer on January 21 at the time of the scrutiny of the nomination papers, the latter told him that he had not taken the oath, nor subscribed his name to any oath form, nor delivered the same to him ! The fact is that this oath form was deliberately removed from Mr. Vaishnavi's file.

It is ironical that in the instructions contained in the Hand-book For Returning Officers under the heading. "Presumption of Validity." it is stated : "There is a presumption that every nomination paper is valid unless the contrary is *prima facie* obvious or has been made out. In case of a reasonable doubt as to the validity of a nomination paper, the benefit of such doubt must go to the candidate concerned and the nomination paper should be held to be valid."

Then he says in conclusion that if these things are allowed to be practised in Kashmir, these dishonest methods

adopted in Kashmir will not only republic of India internally but in the tarnish the image of the democratic republic of India internally but in the international community also. Therefore before Mr. Randhir Singh gets up, he must know. There are a number of persons who get up without knowing anything and I thought that Mr. Randhir Singh left their company.

Mr. Chairman, Sir, as soon as this information reached here, various political parties sent telegrams and frantic reports to the Government of India, asking the Government to stop this election. There were telegrams signed by four political parties: the National Conference, the PSP, Hindu Mahasabha and Jansangh. In their telegram on the 19th January, 1967, they said that nefarious activities have been adopted in the Kashmir election and the election was not going to be fair and impartial and free. "Please stop it and do not conduct the election like that." But nobody here in Delhi listened to them. Now, Sir, the election should not only be fair but it must be shown to be, and must appear to be fair. That is the most important thing of these elections. But nothing happened.

Later on, when the actual voting came, just before the night of the voting, thousands of false, spurious ballot papers were found circulating, having the same description, the same seal and the same name, everything. They were caught hold of. It is not my imagination. On the same night they have informed the President also and the Home Secretary of the Government of India; they know about it. These are some of the ballot papers; you can see them; they have been caught hold of by our people; they bear the same names.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli): Place it on the Table of the House.

SHRI S. KUNDU: If you want I can place them on the Table of the House.

MR. CHAIRMAN: It is not necessary; there is no question of placing them on the Table.

SHRI S. KUNDU: It is not that I am manufacturing these things. This is the story, when we are struggling to keep the democratic structure alive; we must bring these facts to public. It is a fact. I am just bringing one fact after another which cannot be demolished. Then there is another Youth Congress fellow, Mr. Amrit Malhotra, who writes to the people here, the Government of India, saying that the election is not fair and is not impartial in Kashmir. (*Interruption*) Mr. Ranbir Singh does not know; he knows only shouting. Sir, these are they very shocking things.

In the face of this, Mr. Sundaram made a dashing trip to Kashmir to see if the elections were conducted fairly or not. In his two-days trip he went and made some sort of a bureaucratic pronouncement which shielded the misdeeds of the Sadiq Government, and he said, "from a cursory glance"—I am quoting his exact words—"I find the rejections were not improper." How from a cursory glance, he can say that the elections were not improper? He also said that the cases of appeal should be heard by an independent judge. I shall finish in two minutes.

MR. CHAIRMAN: I just wanted to bring it to your notice that there are four Members who want to ask questions on it. Some margin should be left for them also.

SHRI S. KUNDU: He said that the election cases should be heard by another judge. It cannot be done because under the election rules of Kashmir a judge from outside cannot go there. In the election rules of the Jammu and Kashmir Government there is no provision for immediate review if the returning officer rejects the nomination papers. The Government of India and the Congress Government did not change that rule also. This is the shocking story. Therefore, Sir, an unfair election, in a mala fide way took place; the election which was conducted there by the Congress Gov-

[Shri S. Kundu]

ernment was to put up their puppet regime of Sadiq Government.

Kashmir is not only dear to us because it is a question of some territory; Kashmir is dear to us because certain values are attached to it and because the concept of secularism is being experimented in that land. Kashmir is dear to us because we are fighting against the dictatorial government of Pakistan who holds a part of it. It is a land where the Muslims and Hindus want to live as brothers and sisters. The Muslims of Kashmir who fought against the monarchical tyranny and fought for the freedom of India still want to live with the Hindus in India as brothers and sisters. But the Congress Government had denied this opportunity, this expression of the free will of the Kashmir people. I support the view that the accession of Kashmir to India is complete, irrevocable and cannot be changed. But why should the elections of people like Bakshi Ghulam Mohammad, who had been the Prime Minister of Kashmir for 11 years, be disturbed? From the housetops they have said, "We are with India". You can set up an enquiry commission and find out whether the corruption charges are true or not. But can you deny the right of free election? Once you deny that right, there will be frustration and anger in the people and the people of the various States in the Union of India cannot live as brothers. Though I have not gone to Kashmir, I have seen pictures of this beautiful State with snow-clad peaks and lush green parks, which looks as if heaven and earth are combined together there. Such a beautiful State should not be made part of India only by cliques or through artificial manoeuvres, but the people of Kashmir should be won over. Therefore, the present Government should be dismissed and there should be fresh elections. Two Supreme Court judges should go to Kashmir and investigate whether there was a fair election or whether the election was conducted in such a manner as to reinstate the Congress Party in power there.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : सभापति महोदय, निर्वाचन आयोग और न्यायपालिका स्वतन्त्रता के बीस वर्ष बाद देश के दो प्रमुख-संगठन ऐसे हैं जिनसे देश में जनतंत्रीय परम्पराओं के पनपने और स्वस्थ रहने की सम्भावना है। इस लिये काश्मीर के निर्वाचनों में जो अवैधानिकता हुई है, जिनकी ओर मेरे मित्र श्री कुंडू ने संकेत किया है, उसके सम्बन्ध में मैं उप-विधि मंत्री से दो ही बातें पूछना चाहता हूं। एक बात तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि वहां की 75 सदस्यों की विधान सभा में जब कि 15 सदस्य विरोधी दल के हैं और 60 सदस्यों में 26 निर्विरोध चुने गये हैं किसी तरह से श्री कुंडू ने बतलाया कि 60 के खिलाफ एलेक्शन पिटिशन लगी है, छै पालियामेंट मेम्बरों में से एक निर्विरोध निर्वाचित हुए जो इस समय सरकार में मिनिस्टर बन कर बैठे हैं और दूसरों के विरुद्ध भी एलेक्शन पिटिशन हैं। ऐसी स्थिति में मैं विशेष रूप से जानना चाहता हूं कि क्या विधि मंत्रालय को निर्वाचन आयोग द्वारा इस प्रकार की भी जानकारी मिली है कि जम्मू और काश्मीर में ऐसे ऐसे पोलिंग स्टेशन थे जहां पर कुल मिला कर 200 या 400 वोट थे। लेकिन जो वोट निकले हैं उनकी संख्या 1100 और 1200 तक थी। अगर ऐसा है तो एलेक्शन पेंटियों में यह जादू कैसे हुआ ?

दूसरी बात जो मैं जानना चाहता हूं वह यह कि आज जम्मू और काश्मीर सरकार एक संविधान संशोधन विधेयक पर राज्य विधान सभा में दो मतों से हार गई है। ऐसी स्थिति में क्या विधि मंत्रालय या भारत सरकार जम्मू और काश्मीर सरकार को यह राय देगी कि वह त्याग-पत्र दे दे और जम्मू और काश्मीर राज्य में राष्ट्रपति शासन स्थापित कर के फिर से नये सिरे से चुनाव कराने की व्यवस्था करे,?

**श्री रबि राय** (पुरी) : सभापति महोदय, काश्मीर के चुनावों के सिलसिले में इस समय जो चर्चा हो रही है, उसके सम्बन्ध में मैं विधि उप-मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या यह

सही नहीं है कि काश्मीर में चुनाव को ले कर जो गड़बड़ हुई है वह भारत सरकार की नीति के कारण हुई ? आपको मालूम है कि पिछले पन्द्रह सालों से ही सरकार की जो नीति रही वह हिन्दू और मुसलमानों के बीच में साम्प्रदायिक एकता को न ला कर आपसी वैमनस्य को लाने और हिन्दू मुसलमानों के बीच में वहां पर जो भ्रातृभाव का वातावरण था उसको खत्म करने की थी ।

यह मानी हुई चीज है जैसा कि श्री प्रकाशवीर शास्त्री और श्री कुंडू ने आपके सामने रखा, काश्मीर में चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए और काश्मीर में जनमत सरकार के खिलाफ है । लोगों के मन में चुनाव को ले कर काफी रोष है । इसको और शेख अब्दुल्ला साहब आज जो सवाल उठा रहे हैं उसको भी मद्दे नजर रखते हुए क्या यह सही नहीं होगा कि वहां अभी जो सरकार है वह फौरन बर्खास्त की जाये और वहां पर दुबारा चुनाव कराने की व्यवस्था हो ? क्या मंत्री महोदय सदन को यह आश्वासन देंगे कि चूंकि वहां बाकायदा चुनाव नहीं हुए हैं इसलिये वह सादिक सरकार को बर्खास्त करके वहां पर नये चुनाव करायेंगे ? काश्मीर का जो सवाल है, जिसके कारण देश में और हिन्दुस्तान के बाहर रोष फैला हुआ है, उसको मद्दे नजर रखते हुए विधि मंत्री यह आश्वासन इस सदन को अवश्य दें कि वहां पर दुबारा नये और निष्पक्ष चुनाव कराने का हुक्म दिया जायेगा ।

MR. CHAIRMAN : Out of the names of six hon. Members four names were balloted, as Shri Bal Raj Madhok and Shri Kanwar Lal Gupta are not present in the House, I can accommodate the remaining two hon. Members who are present in the House.

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** (श्रीनगर) : जो कुछ यहां पर कहा गया मैं उस सब में नहीं जाना चाहता हूं । मैं आनरेबल मिनिस्टर से सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि क्या यह फैक्ट है कि अभी हाल ही में एक एलेक्शन बूथ की रिकाउंटिंग में—गुरेज कांस्टिटुएन्सी के कंज़लवन बूथ में फार्म एफ में वैलिड वोट्स कास्ट 413 थे, लेकिन हाई कोर्ट में जब बाक्स खोला गया तो उसमें सिर्फ 191 वोट निकले ? बतलाया गया है कि इस कांस्टिटुएन्सी में रूलिंग पार्टी का कैन्डिडेट 6000 वोटों से जीता । मेरा खयाल यह है कि रिकाउंटिंग में वह 6000 वोटों से हारेगा ।

[**شری غلام محمد بخشی** (سری نگر) : جو کچھ یہاں پر کہا گیا میں اس سب میں نہیں جانا چاھتا ہوں - میں آنریبل منسٹر سے صرف یہ جاننا چاھتا ہوں کہ یہ فیکٹ ہے کہ ابھی حال ہی میں ایک ایلیکشن بوتھ کی رکاونٹنگ میں -- گوریز کانسٹیٹوینسی کے کنزلون بوتھ میں فارم ایف میں ویلیڈ ووٹس کاسٹ ۴۱۳ تھے - لیکن ھائی کورٹ میں جب باکس کھولا گیا تو اس میں صرف ۱۹۱ ووٹ نکلے - بتلایا گیا ہے کہ اس کانسٹیٹوینسی میں رولنگ پارٹی کا کینڈیڈیٹ ۶۰۰۰ ووٹوں سے جیتا - میرا خیال یہ ہے کہ رکاونٹنگ میں وہ ۶۰۰۰ ووٹوں سے ھارے گا -]

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : सभापति महोदय, मेरे दोस्त ने जो आधे घंटे की चर्चा उठाई, वह तो वैसी ही बात हुई कि नीम हकीम खतरे जान । मेरे भाई ने यह अन्दाजा नहीं लगाया कि उनके इस भाषण से हिन्दुस्तान की पोजीशन कितनी एम्बैरेसिंग हुई है । काश्मीर के केस के बारे में पाकिस्तान अपने रिप्रेजेन्टे-

[श्री रणधीर सिंह]

टिव की मार्फत बार बार यू एन में इस सवाल को उठाता है। क्या माननीय सदस्य को मालूम है कि उन्होंने इस बारे में कितना मवाद पैदा कर दिया है ?

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी :** मवाद उन्होंने पैदा किया जिन्होंने इस तरीके से किया

We can fight Pakistan. We can fight U.N. also, But let there be fair elections. It has nothing to do with fair elections. We have fought them. For the last ten years they did not dare to look towards Kashmir. It is because of this that after 1964 there was an armed conflict with Pakistan. We have no faith in the Security Council or the U.N. as far as the question of Kashmir is concerned.

**सभापति महोदय :** आप इसमें यू एन ओ को मत लाइये। आप सवाल पूछिये। इसमें जो फैक्चुअल बात है उस पर आखिर बहस क्यों न हो ?

**श्री रणधीर सिंह** : बख्शी साहब मेरे बुजुर्ग हैं, मैं उनका एहतराम करता हूं। लेकिन मैं अपने दोस्त श्री कुंडु के लिये कह रहा था कि मकसद उनका कुछ और था और वह कह गये कुछ और। मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि रिप्रेजेन्टेटिव आफ दि पीपल्स ऐक्ट में 500 के करीब दफात मौजूद हैं। उसके साथ साथ रूल्स हैं उसकी तहत हिन्दुस्तान का कांस्टिट्यूशन है। मैं जानना चाहता हूं कि ट्राइब्यूनल के सामने जो एलेक्शन पिटिशन्स पेन्डिंग हैं उनके अलावा भी कोई शिकायत गवर्नमेंट के पास, ला कमिशन के पास, प्राइम मिनिस्टर के पास, होम मिनिस्टर के पास या ला मिनिस्टर के पास आई हैं मुख्तलिफ इंटरेस्टेड पार्टीज की तरफ से कि वहां इरेंगुलैरिटीज हुई या फ्राड हुआ, या आर पी ऐक्ट का जनाजा निकाला गया और उसको उधेड़ा गया ? अगर शिकायतें आई थीं तो कितनी आई थीं और आपने उनकी इनक्वायरी की या नहीं की और अगर की तो उसका क्या रिजल्ट निकला ?

जहां तक केसिस का ताल्लुक है मैं जानना चाहता हूं कि जो इलैक्शन पैटीशंज़ हैं और जो पैंडिंग हैं वे क्या सब जुडिस नहीं हैं और क्या उनके बारे में कोई डिसकशन हो सकता है या नहीं हो सकता है और अगर हो सकता है तो क्या एक तरह का रिफलैक्शन उन पर पड़ता है या नहीं पड़ता है।

**19 Hrs.**

SHRI NAMBIAR : It will be pending till the next general elections.

MR. CHAIRMAN : The hon. Minister.

SHRI D. C. SHARMA (Gurdaspur) : My name did not come in the ballot ?

MR. CHAIRMAN : Did you send your name ? Your name was not there even among those which were rejected.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LAW (SHRI M. YUNUS SALEEM) : Mr. Chairman, Sir, several complaints......

**श्री रवि राय** : यह तो काश्मीर का मसला है और आप हिन्दुस्तानी में बोल सकते हैं।

SHRI M. YUNUS SALEEM : I am competent to speak in Hindi also.

काश्मीर की इलैक्शंज़ के ताल्लुक से बहुत सी शिकायतें इलैक्शन कमिशन के पास आई थीं। दो तरह की वे शिकायतें थीं। कुछ शिकायतें तो जबानी की गई और कुछ खतों के जरिये से, दरख्वास्तों के जरिये से की गई। जहां तक जबानी शिकायतों का ताल्लुक है, ये शिकायतें पांच किस्म की थीं। पहली किस्म की ये थीं :

> Old ballot papers which were used in the general elections in Jammu and Kashmir in 1957 and 1962 have been distributed for use during the general elections in 1967.

The second complaint was :

> Duplicate series of ballot papers have been printed and these have been distributed to the returning officer for making use of them on the day of the poll.

Then, there was another grievance, third, namely :—

More ballot boxes have been supplied for use at the polling stations than the number required with the object of substituting boxes filled with bogus votes.

The fourth complaint is:

Instructions have been issued by the Returning Officers and even by Deputy Commissioner to the presiding officers not to allow the polling agent to function at the polling station.

Then, the fifth complaint was:

Close relatives of the Congress candidates have been appointed to work as presiding officers at the various polling stations.

ये पांच किस्म की शिकायतें थीं जो इलैक्शन कमीशन के पास जबानी लोगों ने पहुंचाई। ये तमाम शिकायतें तहकीकात के बाद बेबुनियाद पाई गई।

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: I challenge it.

श्री मु० यूनस सलीम: न तो कोई जैसा बयान किया गया है बैलट पेपर प्रिंट करा करके डुप्लीकेट तक्सीम किए गए थे और न इस का कोई सबूत पेश किया गया था . . .

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: I will bring about 5,000 duplicate papers to this House tomorrow morning bearing the numbers and the seals. The numbers were sent to the Election Commission, to the Prime Minister of India and Home Minister and the then Governor, Dr. Karan Singh between 19th and 20th and 21st was the day of the election. I have got those numbers. I can produce 5,000 papers. Shri Kundu has presented some.

SHRI NAMBIAR: Very revealing

श्री मु० यूनस सलीम: मुम्किन है मेरे लायक दोस्त के पास पांच हजार नहीं पांच लाख बैलट पेपर हों, लेकिन सवाल यह है कि जिस वक्त इनक्वायरी की गई . . .

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: Who conducted the enquiry? I belong to that place.

श्री मु० यूनस सलीम: इलैक्शन कमीशन की तरफ से प्राइमा फेसाई इनक्वायरी कराई गई . . . .

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: He stayed in the Guest House; he never went to Kashmir afterwards.

SHRI M. YUNUS SALEEM: My learned friend may have a grievance regarding the mode of enquiry. But he cannot say that there was no enquiry at all.

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: I straightway challenge there was no enquiry. Nobody went from this place, not even a chaprasi from the Election Commission. There is no question of the Election Commissioner.

SHRI M. YUNUS SALEEM: Besides the above complaints verbally made, there were the following types of complaints by means of letters and telegrams. There was several types of complaints made.

श्री कुन्डू: नया इलैक्शन करवाना है या नहीं यह बता दीजिये।

SHRI RANDHIR SINGH: Now the cat is out of the bag!

SHRI M. YUNUS SALEEM: As regards the objection made against the illegal rejection of nomination papers, the complainants were told that redress could only be through election petitions and that nothing could be done on the part of the Election Commission.

SHRI S. KUNDU: We are not concerned with that. That is the judicial aspect. We are concerned here with the constitutional and moral aspect of it.

SHRI M. YUNUS SALEEM: The main ground on which several nomination papers were rejected......

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: We do not want that. That is before the court.

**SHRI M. YUNUS SALEEM**: So, all those persons who were aggrieved by the findings of the Returning Officer...

**सभापति महोदय** : आप इनकी बात सुनिये तो सही।

**श्री मु० यूनस सलीम** : जहां तक उन शिकायतों का ताल्लुक था, पूरी तरह से जांच की गई . . .

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : आपका दिल कुछ कह रहा है और आपके दिमाग में कुछ और है। हकीकत को आप मुझ से ज्यादा अच्छी तरह से जानते हैं।

**श्री मु० यूनस सलीम** : मैं यकीन दिलाता हूं कि जो बातें बयान की गई हैं उनका मुझे कोई ज़ाती इल्म नहीं है। मैं तो रिकार्ड की बिना पर जो शिकायतों के मुताल्लिक तहकीकात हुई, उसके जो नतीजे हैं वे पेश कर रहा हूं। जो इलैक्शन कमिशन से गवर्नमेंट को मौसूल हुआ है उसको पेश कर रहा हूं। बहरहाल बहुत सी इलैक्शन पैटीशंज़ इस वक्त हाई कोर्ट के सामने पैंडिंग हैं और अगर आपकी बात सच है तो वे इलैक्शन पैटीशंज़ मंजूर हो जाएंगी . . (इंटरप्शंस)

**सभापति महोदय** : आप सुनना चाहते हैं या नहीं सुनना चाहते हैं ?

**SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI**: He is defending a very weak case. You have no case; it is a wrong brief.

**सभापति महोदय** : अगर आप सुनना नहीं चाहते हैं तो मैं हाउस को एडजर्न कर देता हूं

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : वह ज्यादा बेहतर होगा।

**सभापति महोदय** : आपने जो कहना था कह लिया है। अब आप सुन तो लें।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : उनका कहना था कि हाई कोर्ट में जाओ। हम गए। पैटीशंज़ हमने लिखीं। मामला वहां चला रहा है। फैसला वहां होगा। हम उनसे सुनना चाहते हैं कि जो मैल प्रैक्टिसिस हुई उनका क्या इलाज है।

**सभापति महोदय** : जो वह मवाद इकट्ठा करके लाए हैं उसको आपके सामने पेश कर तो रहे हैं।

**श्री मु० यूनस सलीम** : हाउस को मालूम ही है कि लोक सभा के लिए वहां से इलैक्शंज़ हिन्दुस्तान की जो रिप्रिजेंटेशन आफ दी पीपल एक्ट है उसके तहत हुई हैं। और जम्मू-काश्मीर का जो रिप्रेज़ेन्टेशन आफ़ दि पीपल एक्ट हैं, उस के तहत वहां की एसेम्बली के इलैक्शन हुए थे। जो लोक सभा के उम्मीदवार थे, जिन्होंने इलैक्शन कनटेस्ट करना चहा था और जिनके नामीनेशन पेपर रिजेक्ट हुए थे, या जिनको किसी दूसरी तरह की शिकायत थी, उनमें से चार आदमियों ने इलैक्शन पेटीशन फ़ाइल किये। जहां तक ऐसेम्बली का ताल्लुक है, 75 सीट्स में से 57 आदमियों ने इलैक्शन पेटीशन फ़ाइल किये।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : यह तो एक इन्टरनेशनल रिकार्ड है !

**श्री मु० यूनस सलीम** : जम्मू-काश्मीर के रिप्रेज़ेन्टेशन आफ़ दि पीपल एक्ट के तहत इलैक्शन पैटीशन्ज़ ट्रिब्यूनल के सामने पेश होनी थीं। चुनांचे वे ट्रिब्यूनल के सामने पेश हुई। लेकिन जिस वक्त ये नामीनेशन पेपर रिजेक्ट हुए, उस वक्त मुक्तलिफ़ किस्म की शिकायतें यहां वसूल हुई। तब चीफ़ इलैक्शन कमिश्नर जम्मू-काश्मीर गए और उन्होंने वहां पर **ग्रान दि स्पाट** लोगों से तहकीकात की और उसके बाद . . .

**श्री गुलाब मुहम्मद बख्शी** : वह कब गए थे ?

**श्री मु० यूनस सलीम** : वह 1 फ़रवरी, 1967 को गए थे। वह गए और उन्होंने वहां जा कर एक स्टेटमेंट दिया, जिसमें उन्होंने उन तमाम शिकायतों के मुताल्लिक तहकीकात करने का वादा किया और जो जो ग्रीवेंसिज़ थीं, उनके मुताल्लिक इज़हार-राय किया।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : इलैक्शन तो 21 फ़रवरी को हुए। इलैक्शन कमिश्नर 1 फ़रवरी को वहां क्या कर रहे थे ?

**श्री मु० यूनस सलीम** : शिकायतें उससे पहले आईं।

**सभापति महोदय** : आनरेबल मेम्बर मेहरबानी कर के उनको बोलने दें।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : मैं कान पकड़ता हूं कि कभी कोई सच बात इस हाउस में नहीं कहूंगा।

**श्री मु० यूनस सलीम** : जो इलेक्शन पैटीशन्ज़ इलैक्शन ट्रिब्यूनल के सामने पेश की गई थीं, वे बाद में जम्मू-काश्मीर के रिप्रेज़ेन्टेशन आफ़ दि पीपल एक्ट में तरमीम होने की वजह से हाई कोर्ट में मुत्तकिल कर दी गईं, ताकि लोगों को इस बात का ज्यादा इत्मीनान हो कि इलैक्शन पेटीशन्ज़ की तहकीकात आज़ादाना तौर पर होगी। यहां तक एहतियात की गई कि इन इलैक्शन पेटीशन्ज़ की तहकीकात करने के लिए हाई कोर्ट में जो एडीशनल जजिज़ मुकर्रर किये गये, उनमें से एक इलाहाबाद हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं और दूसरे पटना हाई कोर्ट के जज हैं। उनमें काश्मीर का कोई आदमी नहीं है, जिसके मुताल्लिक यह शुबहा किया जा सके कि शायद वह मौजूदा गवर्नमेंट या मौजूदा गवर्नमेंट के बा-असर लोगों के असर में होगा।

अब सूरते-हाल यह पेश आई कि चूंकि जम्मू-काश्मीर रिप्रेज़ेन्टेशन आफ़ दि पीपल एक्ट में एमेंडमेंट देर में हुई, इसलिए जब एमेंडमेंट हो गई, तब हाई कोर्ट में जजिज़ का तकर्रुर किया गया और अब तमाम दरख्वास्तें उनको मुत्तकिल हो गई हैं। उनकी एन्क्वायरी इन प्रोग्रेस है। यकीन है कि बहुत जल्दी तमाम दरख्वास्तों का तसफ़िया हो जायेगा।

इसके अलावा और कोई खास बात जनाब के सामने नहीं रखी गई है, जिसका मुझे जवाब देने की ज़रूरत हो। लेकिन मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि रिटर्निंग आफ़िसर ने जो नामीनेशन पेपर रिजेक्ट किये—वह सही तौर पर रिजेक्ट किये गये या ग़लत तौर पर, इसका फ़ैसला तो हाई कोर्ट करेगा—, उनमें चार केटेगरीज़ थीं, जो कि मैं बताना चाहता हूं, ताकि जनाबे वाला के इल्म में आ जाये।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : वह सब जानते हैं।

**श्री मु० यूनस सलीम** : सब नहीं जानते हैं। आनरेबल मेम्बर ने कहा है कि टेक्निकल उज्रात पर, बहुत मामूली बातों पर, रिटर्निंग आफ़िसर ने नामीनेशन पेपर रिजेक्ट कर दिये। आनरेबल मेम्बर्ज़ को इस बारे में सही पोज़ीशन मालूम होनी चाहिए। इस हाउस में जो लोग बैठे हैं, उन सब ने इलैक्शन लड़ा है और उन सब को मालूम है कि नामीनेशन पेपर दाखिल करने के लिए किन किन बातों की ज़रूरत होती है।

एक तो इस बात पर नामीनेशन पेपर रिजेक्ट किये गये कि कई दरख्वास्त-गुज़ारों के मुताल्लिक यह मालूम हुआ कि उन्होंने गवर्नमेंट से ठेका ले रखे थे और वे ठेके सबसिस्ट कर रहे थे, खत्म नहीं हुए थे। इस लिए उनके नामीनेशन पेपर्ज़ को रिजेक्ट कर दिया गया।

**श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी** : यह मुनासिब नहीं है कि हाउस को ग़लतफ़हमी में डाला जाये। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस शख्स का नामीनेशन पेपर इस वजह से रिजेक्ट हुआ था, उस के मुताल्लिक खुद कांग्रेस ने अपील की और उन्होंने विदड्रा किया।

**श्री मु० यूनस सलीम** : इस वक्त कांग्रेस और दूसरी पार्टियों की बहस नहीं है।

**सभापति महोदय** : आनरेबल मेम्बर बार-बार उठते हैं और जवाब देते हैं। यह कोई पार्लियामेंटरी तरीका नहीं है। मैं उनके वक़ार का ख़याल रखते हुए कुछ नहीं कह सकता हूं। वह मिनिस्टर साहब को अपना जवाब देने दें। मिनिस्टर साहब भी जल्दी करें।

**श्री मु० यूनस सलीम** : दूसरी जिस बुनियाद पर नामीनेशन पेपर रिजक्ट किये गये, वह यह थी कि बाज़ लोग गवर्नमेंट सर्वेन्ट्स थे । यह बात पाया-सुबूत तक पहुंची कि जिस वक्त उन्होंने अपने नामीनेशन पेपर दाखिल किये, उस वक्त वे गवर्नमेंट सर्विस में कान्टीन्यू कर रहे थे ।

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: I challenge it. This is entirely wrong.

SHRI M. YUNUS SALEEM: Let him challenge anything before the High Court. Let him go even up to the Supreme Court. Who is going to stop him from doing that?

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: Then, why is he taking the time of the House? What is the fun of reading all this?

**श्री मु० यूनस सलीम** : तीसरी बात यह थी कि रिप्रजेन्टेशन आफ़ दि पीपल ऐक्ट के तहत उम्मीदवार के लिए अपने नामीनेशन पेपर के साथ इलैक्ट्रल रोल की नकल दाखिल करना ज़रूरी था, लेकिन कुछ लोगों ने ऐसा नहीं किया ।

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI: That is his information.

SHRI M. YUNUS SALEEM: Yes, that is my information, of course, mine.

चौथी बात यह थी कि कांस्टीट्यूशन की ओथ आफ़ एलिजियन्स लेना ज़रूरी और मेन्डेटरी था, लेकिन कई लोगों ने उसको **कमप्लाई विद** नहीं किया, जिसकी वजह से उनके नामीनेशन पेपर रिजेक्ट करने पड़े ।

ये चार मोटी मोटी बातें थीं, जिनकी वजह से नामीनेशन पेपर रिजक्ट किये गये ।

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जैसा कि एवान के कई मेम्बरान ने बताया है, यह मामला सब-जूडिस है, इस लिए हमारे लिए यह मुनासिब नहीं है कि हम उसके मेरिट्स या डीमेरिट्स के के मुताल्लिक बहस करें । लेकिन मैं जनाब के तवस्सुत से एवान को यकीन दिलाना चाहता हूं कि जहां तक इलैक्शन कमीशन और गवर्नमेंट आफ़ इंडिया का ताल्लुक है, उन्होंने इस बात की पूरी एहतियात की कि जम्मू-काश्मीर में इन्तखाबात आज़ादाना तौर पर अमल में आयें और उनमें किसी किस्म का असर या दबाव न डाला जाय और किसी के साथ कोई रियायत या मुरव्वत न की जाय । ऐसी कोई बात नहीं बताई जा सकती है, जो रिकार्ड पर आई हो ।

जब दो तीन ओहदेदारों के मुताल्लिक यह मालूम हुआ कि उन्होंने कवायद के बमूजिब अमल नहीं किया था, तो उनको फ़ौरन ही रीमूव कर दिया गया, उनके खिलाफ़ ऐक्शन लिया गया । मेरे दोस्त, बख्शी साहब, को यह बात मालूम होगी । गवर्नमेंट ने पूरी एहतियात से काम लिया है । असल में इस बात का फ़ैसला हाई कोर्ट के फ़ैसले के बाद ही हो सकेगा, कि ये नामीनेशन पेपर सही तौर पर रिजेक्ट किये गये या ग़लत तौर पर ।

**19.20 Hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, March 14, 1968/Phalguna 24, 1889* (Saka)

---

L15LSS (CP)/68—1,010—11-9-68—GIPF.